RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 79 • 04:04:2024 • गुरुवार • मूल्य : 5/-

## फिलीपींस में तैयार हुआ ब्रह्मोस की तैनाती वाला बेस




- डिलीवरी जल्द, अब यहां नहीं चलेगी चीन की दादागिरी

**मनीला (एजेंसी)।** फिलीपींस में ब्रह्मोस मिसाइलों को तैनात करने वाला बेस बनकर तैयार हो चुका है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही भारत से ब्रह्मोस मिसाइलों का पहला खेप फिलीपींस रवाना किया जाएगा। इस डिलीवरी को मूल रूप से 2023 के अंत तक पूरा करने की संभावना थी, लेकिन फिलीपींस के अनुरोध पर इसे स्थगित कर दिया गया था। फिलीपींस ने दो साल पहले अपनी नौसेना को ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस करने के लिए भारत के साथ 375 मिलियन डॉलर में समझौता किया था। इस समझौते के तहत फिलीपींस को ब्रह्मोस की तीन बैटरियां मिलने वाली थीं। फिलीपींस इन मिसाइलों को चीन की ओर मुंह करके तैनात करने वाला है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के प्रमुख समीर वी कामत ने इस साल की शुरुआत में बताया था कि फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की डिलीवरी मार्च के अंत में शुरू कर दी जाएगी। सबसे पहले ब्रह्मोस के ग्राउंड सिस्टम को फिलीपींस पहुंचाने की योजना बनाई गई थी। इसके बाद मिसाइलों की डिलीवरी शुरू होने वाली थी। यह भारत और रूस द्वारा विकसित ब्रह्मोस मिसाइल का पहला निर्यात ऑर्डर है। इसके अलावा भी कई देश ब्रह्मोस मिसाइल पर नजरें गड़ाए हुए हैं। इनमें अधिकतर देश पूर्वी एशिया के हैं। ब्रह्मोस दुनिया की सबसे खतरनाक मिसाइलों में शुमार है। इस मिसाइल की काट चीन के पास नहीं है। ब्रह्मोस को इंटरसेप्ट करने वाला एयर डिफेंस सिस्टम किसी भी देश के पास नहीं है।

**टिकट कटने पर महाराष्ट्र भाजपा में शुरू हुई बगावत**

## उद्धव ठाकरे के हुए बीजेपी सांसद बोले-आत्मसम्मान की है बात

**मुंबई (एजेंसी)।** भाजपा को अनुशासित पार्टी के तौर पर देखा जाता है। यहां तक कि लोकसभा चुनाव में टिकट कटने के बाद भी वरुण गांधी, संतोष गंगवार और वीके सिंह जैसी नामी नेता चुप हैं और पार्टी के फैसले के सम्मान की बात कर रहे हैं लेकिन महाराष्ट्र भाजपा में पहली बगावत देखी गई है। जलगांव सीट से सांसद उन्मेष पाटिल को भाजपा ने इस बार टिकट नहीं दिया है और अब वह उद्धव ठाकरे की शिवसेना में चले गए हैं। बुधवार को उन्होंने उद्धव ठाकरे को शिवसूत्र बांधा और शिवसेना उद्धव ठाकरे की मेंबरशिप ले ली। उन्मेष पाटिल के पार्टी



छोड़ने को जलगांव में भाजपा के लिए झटका माना जा रहा है। उन्मेष पाटिल के साथ उनके तमाम समर्थकों ने भी शिवसेना की मेंबरशिप ली। कहा जा रहा है कि वह टिकट कटने से नाराज थे। इसके बाद से ही वह भाजपा पर हमला भी कर रहे थे। उद्धव ठाकरे के खेमे में आते हुए उन्मेष पाटिल ने कहा कि यदि आत्मसम्मान सुरक्षित नहीं रहता है तो फिर रुकने की कोई वजह नहीं है। वह अपने समर्थकों के साथ मातोश्री पहुंचे और शिवसेना उद्धव ठाकरे की मेंबरशिप ली। इस दौरान संजय राउत भी मौजूद थे।

## जयंत का अखिलेश पर तंज कहा-मैं पलटा नहीं, पटकनी दी

- दुष्यंत कुमार की शायरी पढ़ी, बोले-मैं भी थोड़ी बहुत मल्ल विद्या जानता हूं

**मुजफ्फरनगर (एजेंसी)।** चुनावी ऐलान के बाद गृह मंत्री अमित शाह की मुजफ्फरनगर में पहली रैली की। बुधवार को उन्होंने कहा कि ये जो घमंडिया गठबंधन है। ये कभी नहीं चाहते थे कि अयोध्या में राम मंदिर बने। इन लोगों ने 70 साल तक इस केस को लटका कर रखा। 2014 में जब मैं यहां आया था, उस समय कैराना,



मुजफ्फरनगर और सहारनपुर से पलायन हो रहा था। आपने 2017 में भाजपा की सरकार बनाई और योगी सरकार ने यहां पर गुंडों का आतंक बंद करके यहां पलायन रोका। शाह से पहले रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने संबोधन दिया। उन्होंने मंच से दुष्यंत कुमार की शायरी पढ़ी..पांव ने बहुत कष्ट उठाए, पर पांव किसी तरह राह पर तो आए। इसके साथ ही अखिलेश यादव पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि मैं पलटा नहीं हूं, इसको पटकनी देना कहते हैं। मल्ल विद्या वो थोड़ी बहुत जानते हैं, थोड़ी बहुत मैं भी जानता हूं।

## कडप्पा के किले में मुश्किल में फंसीं वाईएस शर्मिला

- दो भाइयों से चुनाव में है मुकाबला, संकट में पिता की विरासत

**अमरावती (एजेंसी)।** 2024 लोकसभा चुनावों में आंध्र प्रदेश कांग्रेस समिति की प्रमुख वाई एस शर्मिला कडप्पा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस पार्टी ने आंध्र प्रदेश में दोहरे चुनावों के बीच शर्मिला को उनके पिता की सीट रही कडप्पा से टिकट दिया है। अब देखना यह है कि इस सीट क्या वाई एस शर्मिला जीत हासिल कर पाती हैं या फिर नहीं। उनके पिता इस सीट से पहली 1989 में चुने



गए थे। इसके बाद वे 1991, 1996 और फिर 1998 में लगातार तीन बार और जीते। उनके बाद 2004 में इस सीट से वाई एस विवेकानंद रेड्डी जीते। वर्तमान में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और वाई एस शर्मिला के भाई जगनमोहन रेड्?डी इसी से 2009 और फिर 2012 में जीते थे। कडप्पा से चुनाव लड़ने जा रही शर्मिला को मुकाबला जहां चचेरे भाई वाई एस अविनाश से होगा, तो वहीं दूसरी तरफ राज्य के मुख्यमंत्री और उनके भाई जगन मोहन भी उनके खिलाफ प्रचार करेंगे।

## यहां के लोगों ने खूब लुटाया प्यार, मुझे अपने जैसा माना

**बोले राहुल गांधी, वायनाड सीट से दाखिल किया नामांकन**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के लिए केरल की वायनाड सीट से नॉमिनेशन फाइल कर दिया है। इस दौरान उनकी बहन प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं। वायनाड सीट का मुकाबला सीपीआई की ओर से एनी राजा को मैदान में उतारे जाने के बाद काफी दिलचस्प माना जा रहा है। बीजेपी ने अपनी प्रदेश के प्रमुख नेता के सुरेंद्रन को यहां से मैदान में उतारा है। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा'मैं पांच साल पहले वायनाड आया, जब आपने मुझे संसद सदस्य के रूप में चुना था। आपने तुरंत मुझे अपने परिवार का हिस्सा बना लिया। वायनाड के हर व्यक्ति ने मुझे स्नेह, प्यार और सम्मान दिया है और मुझे अपने जैसा माना।' कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव-2019 में दो सीटों से चुनाव लड़ा था। एक वायनाड और दूसरी अमेठी थी। वह अमेठी से हार गए थे लेकिन वायनाड लोकसभा से बड़ी जीत मिली थी। राहुल गांधी को कुल 706367 वोट मिले थे वहीं भारती कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार पीपी सुनीर कुल 274597 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। राहुल गांधी ने उन्हें 431770 वोटों के बड़े अंतर से हराया था। सीपीआई ने इस बार अपनी वरिष्ठ नेता एनी राजा को राहुल गांधी के सामने उतार दिया है।

**कांग्रेस को झटके पर झटका**

## अब भाजपा की रिंग में दिखेंगे बॉक्सर विजेंदर

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव से पहले एक बार फिर कांग्रेस को झटका लगने वाला है। मुक्केबाज विजेंदर सिंह अब कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा की रिंग में उतरने वाले हैं। विजेंदर सिंह बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए हैं। बॉक्सर विजेंदर सिंह द्वारा किए गए सोशल मीडिया पोस्ट के बाद ऐसी अटकलें लगाई जाने



लगी थीं कि लोकसभा चुनाव से पहले वह कांग्रेस का दामन छोड़ सकते हैं। उन्होंने लिखा, जनता जहां चाहे, मैं तैयार हूं। भाजपा की सदस्यता लेने के बाद प्रेस से बातचीत में विजेंदर ने कहा, सभी को राम राम। पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में बीजेपी में शामिल हो रहा हूं। यह एक तरह से मेरी घर वापसी हो रही है। उन्होंने आगे कहा, मोदी सरकार में खिलाड़ियों का मान- सम्मान बढ़ा है। अब हम विदेश में भी आसानी से आ और जा सकते है। मैं पहले वाला विजेंदर हूं जो गलत लगेगा उसे गलत कहूंगा और जो सही लगेगा उसे सही कहूंगा।

**केजरीवाल बोले-**

## मुझे बदनाम करने को हुई गिरफ्तारी

- ईडी का जवाब-घोटाला तो हुआ, हमारे पास सारे सबूत
- अंधेरे में तीर नहीं चलाया, हवाला ऑपरेटर्स के बयान हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अरविंद केजरीवाल को राहत मिलेगी या उनकी मुश्किलें जारी रहेंगी। इसका फैसला करने को दिल्ली हाईकोर्ट में बुधवार को लंबी बहस हुई। अरविंद केजरीवाल की याचिका पर बहस के बाद हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। केजरीवाल ने कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। एक दिन पहले ही इस केस में आप के राज्यसभा सांसद को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली है। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की पीठ के अरविंद केजरीवाल की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए तो ईडी का पक्ष एएसजी एसवी राजू रख रहे हैं। सिंघवी ने जहां केजरीवाल को निर्दोष बताते हुए उनकी गिरफ्तारी की टाइमिंग पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि चुनाव में हिस्सा लेने से रोकने के लिए ऐसा किया गया है। वहीं, ईडी ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि घोटाला हुआ है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने दावा किया कि उसके पास केजरीवाल के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं।



एएसजी ने कहा कि यह तथ्य कि धनशोधन का अपराध हुआ है, इसमें कोई संदेह नहीं है। अदालत इस अपराध पर संज्ञान ले चुकी है। संज्ञान अपराध पर होता है, अपराधी पर नहीं। अपराध पर संज्ञान के बाद आरोपियों को लेकर जांच होती है। जोकि इस मामले में भी हो रही है। आज केजरीवाल का रवैया यह है कि वह एक संत हैं।

## टीएमसी नेता ने संदेशखाली पर बांधे ममता की तारीफ के पुल

**शाहजहां शेख के सवाल पर साधी चुप्पी, बीजेपी हो गई हमलावर**

**कोलकाता (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले संदेशखाली केस ने जहां तृणमूल कांग्रेस और ममता बनर्जी सरकार की जमकर फजीहत कराई, उनकी पार्टी की नेता और लोकसभा उम्मीदवार सयोनी घोष ने दावा किया है कि प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संदेशखाली में हुई जघन्य घटनाओं को बहुत अच्छे से संभाला। उन्होंने कहा कि सीएम ने जिस तरह इस मुद्दे पर ऐक्शन लिया वह काबिलेतारीफ है। उन्होंने मामले में ईडी और सीबीआई के काम पर सवाल उठाए। बता दें कि संदेशखाली केस में सीबीआई ने आरोपी और टीएमसी से निलंबित नेता शाहजहां शेख को गिरफ्तार किया था। शेख की गिरफ्तारी कलकत्ता हाई कोर्ट के दखल के बाद मुमकिन हो पाई थी। तृणमूल कांग्रेस से निलंबित शाहजहां शेख 13 अप्रैल तक ईडी की कस्टडी में है। उसे बसीरहाट जेल में गिरफ्तार किया था। शेख को एक अन्य धनशोधन मामले में पांच जनवरी को संदेशखाली में तलाशी के दौरान एजेंसी के अधिकारियों पर भीड़ के हमले के मामले में जेल में रखा गया था।

## केन्द्र के खिलाफ 'सुप्रीम' शरण में तमिलनाडु सरकार

**चेन्नई (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले तमिलनाडु और केंद्र सरकार के बीच फंड को लेकर चल रही खींचतान अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। तमिलनाडु की एमके स्टालिन सरकार ने शीर्ष अदालत में अर्जी दाखिल कर कहा है कि केंद्र सरकार 37 हजार करोड़ रुपये का फंड नहीं दे रही है, जिसकी प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान से निपटने में जरूरत है।

राज्य सरकार ने अदालत से मांग की है कि वह केंद्र सरकार से कहे कि तमिलनाडु को 37000 करोड़ रुपये की राहत राशि जारी करे। इस रकम से उस नुकसान की भरपाई की जाएगी, जो हाल में आई बाढ़ और मिचौंग चक्रवात से हुआ है। तमिलनाडु सरकार की अर्जी में कहा गया, फंड में देरी करने का कोई भी कारण या ठोस आधार नहीं है। फंड रिलीज करने के मामले में दूसरे राज्यों की तुलना में देरी करना ठीक नहीं है। यह भेदभाव का एक उदाहरण है। यह उन लोगों के मूलभूत अधिकारों का हनन है, जिन्हें आपदा के संकट में परेशानी उठानी पड़ी। उन लोगों के नुकसान की भरपाई नहीं हो सकती, लेकिन अब राहत भी नहीं पहुंच पा रही है।

## हाजीपुर में चिराग को मिला चाचा पशुपति का साथ

- किया समर्थन देने का ऐलान, कहा-चुनाव में एकजुट होकर जीतना जरूरी

**हाजीपुर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के मुखिया पशुपति पारस ने हाजीपुर लोकसभा सीट पर अपने भतीजे चिराग पासवान का समर्थन करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत ही उनका मकसद है। ऐसे में हाजीपुर सीट से भले ही चिराग पासवान या एनडीए के किसी भी दल का नेता लड़े, पारस का उन्हें समर्थन रहेगा। पशुपति पारस ने चिराग पासवान से दुश्मनी पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि आपसी



लड़ाई अलग है, लेकिन चुनाव में एकजुट होकर जीतना जरूरी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में हाजीपुर लोकसभा सीट पर आगामी चुनाव में चिराग पासवान का समर्थन करने की बात कही। पारस ने कहा कि भले ही लोजपा हो, चिराग पासवान हो, बीजेपी हो, जेडीयू हो, उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी हो या जीतनराम मांझी का दल हो, सभी एनडीए गठबंधन का हिस्सा है। चिराग पासवान से अदावत के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि हम नीति और सिद्धांत से चलने वाले लोग हैं। किसी से व्यक्तिगत दुश्मनी या व्यक्तिगत विरोध है, तो गठबंधन में उसे शामिल नहीं करते हैं। हमारा एक ही लक्ष्य है कि बिहार की सभी सीटें जीतकर देश में तीसरी बार पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बने। बता दें कि हाजीपुर सीट पर चुनाव लड़ने के लिए पारस की अपने भतीजे चिराग से लंबी अदावत चली। यहां से पारस अभी सांसद हैं।

**धर्म-अध्यात्म**

## यूपी के प्रयागराज में अद्भुत होगा 2025 का महाकुंभ

प्रयागराज (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अगले वर्ष होने जा रहे महाकुंभ 2025 को यादगार बनाने के लिए योगी सरकार ने कमर कस ली है।

- रोपवे और डिजिटल कुंभ म्यूजियम होंगे खास आकर्षण के केन्द्र
- महाकुंभ को यादगार बनाने के लिए योगी सरकार ने कसी कमर



संगम स्थल के साथ-साथ आसपास कई प्रमुख कार्यों का विकास किया जाना प्रस्तावित है, जो पर्यटकों के लिए महाकुंभ को खास बना देगा। इसके अंतर्गत हनुमान मंदिर स्थली का व्यापक पैमाने पर रेनोवेशन किया जा रहा है, जबकि रोपवे परियोजना की भी जल्द शुरुआत होने जा रही है। इसके साथ ही डिजिटल कुंभ म्यूजियम का भी निर्माण कार्य प्रस्तावित है। सरकार की ओर से इन सभी कार्यों को दिसंबर 2024 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। महाकुंभ से पूर्व कार्य पूर्ण होने के बाद यह महाकुंभ के महाआयोजन को यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए यादगार बना देंगे। 29 नवंबर 2023 को शीर्ष समिति की बैठक में हनुमान मंदिर स्थली के निर्माण कार्य की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसकी कार्य की कार्यदायी संस्था प्रयागराज विकास प्राधिकरण है। कार्य की कुल लागत 45.71 करोड़ रुपये प्रस्तावित है। परियोजना के लिए पीएमए द्वारा पूर्व न्यायाधीश उच्च न्यायालय पीकेएस बघेल से लीगल ओपिनियन भी ली गई है।

यही नहीं, सेना द्वारा कार्य स्थल की वर्किंग परमीशन भी प्रदान की जा चुकी है और भूमि हस्तांतरित किए जाने के लिए एमओयू हस्ताक्षर किए जाने की प्रक्रिया जल्द ही पूर्ण कर ली जाएगी, जिसके लिए लीगल वेटिंग की जा रही है। पीडीए द्वारा कार्य अप्रैल में प्रारंभ किया जाएगा और नवम्बर, 2024 में पूर्ण करने का लक्ष्य है। निर्धारित समय में कार्य पूरा होने के बाद अधिक संख्या में दर्शनार्थी यहां समाहित हो सकेंगे। संगम तक श्रद्धालुओं की पहुंच को और आसान बनाया जाएगा।

# बीजेपी के गढ़ में बेटी रोहिणी आचार्या की हुंकार सारण को कर्मभूमि बनाएंगी लालू की लाडली




**सारणा, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने मंगलवार को अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करने के बाद कहा कि वह सारण को अपनी कर्मभूमि बनाएंगी। वह सारण लोकसभा सीट से राजद की प्रत्याशी हैं। बता दें कि वर्तमान समय में सारण लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का कब्जा है और इस सीट से 2019 में राजीव प्रताप रूड़ी ने चुनाव जीता था। सोशल मीडिया पर अपनी सक्रियता और पिता को किडनी दान करने के कारण चर्चा में रहीं रोहिणी आचार्य ने मंगलवार को पटना से सारण के लिए रवाना होने से पहले माता-पिता (लालू प्रसाद और राबड़ी) के चरण स्पर्श किए और घर में बने मंदिरों में पूजा-अर्चना की। रोहिणी आचार्य ने मीडिया के साथ बातचीत के दौरान कहा कि हमने कल बाबा हरिहा नाथ का आशीर्वाद लिया। अब मैं सारण में अपने मतदाताओं से मिलने जा रही हूं। आपको भी मुझे आशीर्वाद देना चाहिए। मंगलवार को प्रचार अभियान के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैं सारण के लोगों से मिल रहे अपार प्यार और आशीर्वाद से अभिभूत हूं। यहां के मतदाता जिस तरह से मुझसे मिल रहे हैं, उससे ऐसा लगता है जैसे कि एक बेटी अपने घर आई हो। मैं धन्य हूंज। यह (सारण) मेरे पिता की कर्मभूमि रही है और अब यह मेरी कर्मभूमि होने जा रही है। बता दें कि सारण में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा।

### पिता को किडनी दी लेकिन सारण की जनता के लिए जान हाजिर है : रोहिणी आचार्य

सारण से रोहिणी आचार्य को मैदान में उतारने के राजद के फैसले पर टिप्पणी करते हुए बिहार भाजपा अध्यक्ष और राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को पटना में कहा कि अपने परिवार के सदस्यों को चुनावी राजनीति में उतारना राजद प्रमुख लालू प्रसाद की पहचान रही है। इसे कहते हैं वंशवादी राजनीति। वह (लालू) अब तक अपने दो बेटों और दो बेटियों को राजनीति में ला चुके हैं, अब देखते हैं कि उनकी बाकी पांच बेटियां, जो हमारी बहनें हैं, उन्हें कब राजनीति में लाते हैं।

### हमारी 5 बहनें बच गई हैं, उनको कब उतारेंगे... सम्राट चौधरी के निशाने पर लालू यादव

वहीं राज्य के एक अन्य उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने भी रोहिणी आचार्य पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह अभी सिंगापुर में रहती हैं और अब यहां (सारण) से चुनाव लड़ रही हैं। जनता तय करेगी कि किसे जिताना है–उसे जो बिहार के प्रति प्रतिबद्ध है (सारण से भाजपा उम्मीदवार राजीव प्रताप रूडी) या वह जो सिंगापुर से आई हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा नीत राजग राज्य की सभी 40 लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, 9 जख्मी :पूर्व से चले आ रहे विवाद को लेकर आपस में भिड़े, छह लोगों की हालत गंभीर



**आरा(भोजपुर)ा, एजेंसी।** भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेलघाट महुली गांव में मंगलवार को पूर्व के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्षों से एक महिला समेत नौ लोग से जख्मी हो गए। इसके बाद सभी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ज़ख्मियों में एक पक्ष के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेलघाट महुली गांव निवासी सियाघर यादव की पत्नी बासमतों देवी, दो पुत्र उमेश यादव, रमेश यादव, बहु मंजू देवी एवं भतीजा संतशरण यादव शामिल है। जबकि दूसरे पक्ष से उसी गांव के निवासी वीरेंद्र यादव, उनका अभिषेक यादव व दो भतीजा दीपक कुमार एवं मुन्ना कुमार शामिल है। इधर एक पक्ष के उमेश यादव ने बताया कि दो माह पूर्व दूसरे पक्ष का एक लड़का उनके छत पर चढ़ गया था और उनके छत से उनके घर की महिलाओं पर टोनेबाजी कर रहा था। जिसको लेकर उन्होंने उसका विरोध किया था तो उस समय भी कहासुनी हुई थी। हालांकि बात खत्म हो गई थी। जब उनके भाई बगीचा में गए थे। तभी दूसरे पक्ष के एक लड़के द्वारा कहा गया कि वह मुझे मारने के लिए आया है। जिसके बाद दूसरे पक्ष के लोग लाठी-डंडा के साथ उनके घर पर गए और सभी लोगों की पिटाई कर दी। जबकि दूसरे पक्ष के वीरेंद्र यादव ने बताया कि पहले पक्ष के रमेश यादव द्वारा उनके खेत में लगे चने को तोड़ा जा रहा था। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उक्त पक्ष के लोगों से कहासुनी हुई। जिसके उनलोगों द्वारा लाठी-डंडों से सभी की पिटाई कर दी गई। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

### मित्र पर विपत्ति आने पर बताये उपाय

**भागलपुर/शाहकुंडा, एजेंसी।** प्रखंड के मानिकपुर गांव में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथावाचिका ब्रज प्रिया किशोरी ने कहा कि मित्र पर विपदा आने पर अपना सुख नहीं बताना चाहिए। इस समय मित्र को विपदा से निबटने का उपाय बताना चाहिए। उन्होंने यह बात नंद बाबा और वसुदेव के बीच की कथा के प्रसंग के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जब वसुदेव जी नंद बाबा से यह कहते हैं कि तुम्हारे घर बालक का जन्म हुआ है और तुमने यह खुशी है की बात मुझे बताई नहीं तो नंद बाबा ने कहा कि मैं अपनी खुशी इसलिए नहीं बताया कि आपके सात पुत्रों और एक पुत्री को कंस ने मार डाला है। ऐसे में मैं अपनी खुशी क्या बताऊं। इस प्रसंग में भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुनाई गई।

### जले फसल का आकलन करेंगे राजस्व कर्मचारी

**भागलपुर/सबौरा, एजेंसी।** प्रखंड क्षेत्र के इंग्लिश बहियार में शार्ट सर्किट से सोमवार आग लगने से सौ बीघे गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गयी थी। इस मामले में सीओ ने राजस्व कर्मचारियों को नुकसान का आकलन करवाने का दिशा-निर्देश दिया है। वहीं किसानों ने सरकार से मुआवजे की आस रखी है। किसानों में फसल जलने के बाद हताश और निराशा है। कर्ज और रैयत को अनाज चुकता करने का भी डर सता रहा है। इस संबंध में सीओ सौरभ कुमार ने कहा कि नष्ट हुए फसल का आकलन करवाया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। सबौर विद्युत विभाग के कनीय अभियंता दीपक कुमार राही ने किसानों से अपील किया है कि भविष्य में बहियार में खंभे के समीप जंफर के आसपास फसल न लगाए। जो फसल लगा दिया गया है तो आसपास के सूखे फसल को जल्द काट लें। जंफर के पास अधिक शॉर्ट सर्किट की संभावना रहती है। उसी से चिंगारी आसपास गिरने से भी आग लगने की संभावना अधिक रहती है। जो भी किसान पटवन के लिए नंगे बिजली के तार का प्रयोग करते हैं तो वह बंद कर दें और बिजली विभाग जिस तार से कनेक्शन दे रही है उसे ही उपयोग करें।

### कहलगांव शहर जाम और धूल से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**भागलपुर/कहलगांवा, एजेंसी।** कहलगांव शहर के बीचों-बीच एनएच-80 पर मंगलवार को सुबह और शाम को रूक-रूक कर भीषण जाम लगता रहा। ऐसे में आम लोगों को जाम से परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस बीच पुलिस वाहन में बैठे पुलिसकर्मी भी जाम में मूकदर्शक बने रहे। आते जाते लोगों ने भी पुलिस को कोसते व चर्चा करते हुए कह रहे थे कि गश्ती दल के जवानों को गाड़ी से उतरकर जाम हटवाना चाहिए। शायद हर रोज कि यही कहानी होने से पुलिस जवान भी गाड़ी से उतरना नहीं चाहते हैं।

इधर विद्यालयों में शुरू हो रहे नये सत्र को लेकर पुस्तक खरीदारी के लिये विद्यार्थियों व अभिभावकों के साथ ही रमजान के माह में बाजारों से खरीदारी करने वाले? लोग भी इस लगने वाले जाम में परेशान दिख रहे थे। खबर? लिखे जाने तक देर शाम जाम की स्थिति यथावत थी। दूसरी तरफ जाम टूटने के बाद वाहनों के आवागमन से उड़ रही धूल से भी लोग काफी परेशान दिख रहे थे। इस उड़ती धूल की समस्याओं को लेकर पूर्व में भी कई बार दिन में तीन बार पानी छिड़काव करवाने के लिए एसडीएम ज्ञापन सौंपा गया था। परंतु दिन में एक बार भी पानी का छिड़काव नहीं होने जनजीवन प्रभावित है।

# पहले चरण में बिहार की 4 सीटों पर 38 कैंडिडेट, नवादा में निर्दलीय गुंजन सिंह बिगाड़ सकते हैं खेल



**गया, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में बिहार की चार लोकसभा सीटों जमुई, गया, नवादा और औरंगाबाद पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। मंगलवार को नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की फाइनल लिस्ट आ गई है। चार सीटों पर कुल 38 प्रत्याशी मैदान में हैं। गया, औरंगाबाद और जमुई में मुख्य मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच ही होता नजर आ रहा है। वहीं, नवादा में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे भोजपुर-मगही सिंगर गुंजन कुमार सिंह एनडीए और महागठबंधन का खेल बिगाड़ सकते हैं।

पहले चरण में गया लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा 14 प्रत्याशी मैदान में हैं। यहां एनडीए से हमसंरक्षक जीतनराम मांझी तो महागठबंधन से आरजेडी नेता कुमार सर्वजीत ने नामांकन किया है। साथ ही बसपा एवं अन्य क्षेत्रीय दलों के अलावा 7 निर्दलीय भी ताल ठोक रहे हैं। औरंगाबाद में बीजेपी के सुशील कुमार सिंह और आरजेडी के अभय कुशवाहा समेत 9 प्रत्याशी मैदान में हैं। जमुई से आरजेडी की अर्चना कुमारी और लोजपा रामविलास के अरुण भारती समेत कुल 7 कैंडिडेट चुनाव लड़ रहे हैं।

नवादा में बीजेपी के विवेक ठाकुर और आरजेडी के श्रवण कुमार समेत 8 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होना है। इसमें भोजपुरी स्टार गुंजन कुमार भी शामिल हैं। गुंजन बीजेपी से टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय मैदान में उतरे हैं। उनके नामांकन में यूट्यूबर मनीष कश्यप भी पहुंचे थे। एनडीए के साथ ही महागठबंधन के वोटों में वे सेंधमारी कर सकते हैं।

पहले चरण की चारों सीटों पर बसपा भी चुनाव लड़ रही है। इसके अलावा बिहार में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने भी कुछ सीटों पर कैंडिडेट उतारने की घोषणा की है। हालांकि, पहले चरण में ओवैसी की पार्टी के किसी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया। नवादा को छोड़कर पहले चरण की शेष सभी सीटों पर प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न भी आवंटित कर दिए गए हैं। नवादा के जिला पदाधिकारी का तबादला होने से चुनाव चिह्न का आवंटन नहीं हो पाया। इसके लिए राज्य निर्वाचन कार्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है।

# पप्पू यादव नहीं बैठेंगे, बोले- 24 दिन, 24 घंटे जुट जाएं मैदान में; 24 का चुनाव जीतेंगे पूर्णिया के सम्मान में



**पूर्णिया, एजेंसी।** बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट पर महागठबंधन से चुनाव लड़ने का मौका नहीं मिलने पर पूर्व सांसद पप्पू यादव अब आर-पार के मूड में आ गए हैं। उन्होंने मंगलवार को अपने समर्थकों से मैदान में जुट जाने के लिए कहा है। उन्होंने संकेत दे दिए हैं कि वह लोकसभा का चुनाव लड़ने जा रहे हैं। भले ही कांग्रेस से उन्हें सिंबल नहीं मिले, वे निर्दलीय ही मैदान में उतरेंगे। पप्पू यादव ने कहा कि 2024 का चुनाव वह पूर्णिया के सम्मान में जीतकर दिखाएंगे। दरअसल, पूर्णिया सीट महागठबंधन में आरजेडी के खाते में आई है। लालू यादव की पार्टी ने यहां से विधायक बीमा भारती को उम्मीदवार बनाया है। इससे अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय करने वाले पप्पू यादव को करारा झटका लगा। वे कांग्रेस के टिकट पर पूर्णिया से 2024 का चुनाव लड़ना चाहते थे। पप्पू यादव ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर की। इसमें उन्होंने लिखा, ÷साथियों, अगले 24 दिन 24 घंटे मैदान में जुट जाएं, 24 का चुनाव जीतेंगे पूर्णिया के सम्मान में।÷ पप्पू यादव ने पूर्व में पूर्णिया सीट से मंगलवार को नामांकन दाखिल करने की घोषणा की थी। हालांकि, अब वह 4 अप्रैल को अपना पर्चा भरेंगे। इस सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। इससे पहले उन्होंने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से पूर्णिया सीट पर पुनर्विचार करने की अपील की थी। पप्पू यादव ने कहा कि गठबंधन हित में लालू यादव पूर्णिया सीट कांग्रेस के लिए छोड़ दें। मगर, आरजेडी ने उनकी इस अपील को दरकिनार कर दिया है, ऐसे में अब पप्पू यादव के निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरने के कयास लगाए जा रहे हैं। दूसरी ओर, कांग्रेस पप्पू यादव को पूर्णिया से सिंबल देने के मूड में नहीं है। अगर फिर भी वे पूर्णिया से निर्दलीय ताल ठोकते हैं तो पार्टी उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई कर सकती है।

**पूर्णिया में त्रिकोणीय होगा मुकाबला? :** पप्पू यादव अगर निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरते हैं तो पूर्णिया लोकसभा सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय हो जाएगा। पिछले कुछ महीनों में पप्पू यादव ने इस लोकसभा क्षेत्र में जनसंपर्क कर अपना जनाधार बढ़ाया है। कांग्रेस में आने से पहले उन्होंने पिछले दिनों पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में विशाल रैली का आयोजन किया था। इसमें बड़ी संख्या में लोग जुटे थे। पूर्णिया में महागठबंधन बीमा भारती और एनडीए से मौजूदा जेडीयू सांसद संतोष कुशवाहा मैदान में हैं।

# कंप्यूटर ऑपरेटर का फंदे से लटका मिला शव

## किराए के मकान में अकेला रहता था, परिजनों ने एसडीओ पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**सुपौला, एजेंसी।** सुपौल के त्रिवेणीगंज थाना इलाके के नगर परिषद क्षेत्र संख्या वार्ड-6 में स्थित एक किराए के मकान में एक युवक का फंदे से लटका हुआ शव बंद कमरे से बरामद हुआ है। मृतक की पहचान जिले के डगमारा थाना अंतर्गत राजपुर वार्ड नंबर-3 निवासी सुरेंद्र यादव के 25 वर्षीय पुत्र पप्पू कुमार यादव के रूप में हुई है। मृतक त्रिवेणीगंज अनुमंडल कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर का काम करता था। इकलौते पुत्र था। मंगलवार को काम से वापस घर लौटा। बंद कमरे में फंदे से लटक जान दे दी। पड़ोस में रहने वाले लोगों ने पप्पू को आवाज लगाई तो बाहर नहीं निकलें। झांककर देखा तो पप्पू फंदे से झूलता हुआ नजर आया। सूचना त्रिवेणीगंज थाने की पुलिस को दी गई। त्रिवेणीगंज थाना अध्यक्ष राम सेवक रावत ने प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव भारती और डीसीएआर संस्कार रंजन को जानकारी दी। मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में लाश को उतारा गया और परिजनों को सूचना दी गई।

### रात 1 बजे परिजन अस्पताल पहुंचे

परिजन मंगलवार की रात करीब 1:00 बजे अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि त्रिवेणीगंज एसडीओ के काम के प्रेशर को लेकर कंप्यूटर



ऑपरेटर काफी परेशान रहता था। नौकरी से निकाल दिए जाने की धमकी दी जाती थी। प्रेशर में उसने सुसाइड कर लिया है।

### मामले की जांच की जा रही है

त्रिवेणीगंज अनुमंडल के एसडीपीओ विपिन कुमार ने कहा कि कंप्यूटर ऑपरेटर ने सुसाइड कर लिया है। परिजनों को बुलाया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### किराए के मकान में अकेला रहता था

पप्पू कुमार यादव की शादी जिले के किशनपुर थाना इलाके के एक गांव में लगी थी। जो आगामी 28 अप्रैल को होनी थी। मृतक के परिजनों ने बताया कि पप्पू तीन वर्षों से त्रिवेणीगंज अनुमंडल कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर था। जो त्रिवेणीगंज नगर परिषद के वार्ड नंबर 6 निवासी विद्यानंद यादव के मकान में अकेला में रहता था।

### परिजनों का आरोप बेबुनियाद है

त्रिवेणीगंज अनुमंडल के एसडीओ शंभू नाथ ने कहा कि बेल्ट्रॉन के माध्यम से बहाल कंप्यूटर ऑपरेटर पप्पू कुमार यादव ने अपने बंद कमरे में फंदे से लटक कर जान दी है। मंगलवार को ऑपरेटर कार्यालय आया था, लेकिन मुझसे मुलाकात चुनाव में व्यस्त होने की वजह से नहीं हो सकी थी। मृतक के परिजन जो आरोप लगा रहे हैं, बेबुनियाद और निराधार है।

# बिहार में अगले पांच दिनों तक शुष्क बना रहेगा मौसम



**पटना, एजेंसी।** बिहार में अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान में ज्यादा बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। इसके बाद 2 से 3 डिग्री तक तापमान बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी असम पर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। साथ ही दक्षिण-पश्चिम अरुणाचल प्रदेश की ओर एक टर्फ लाइन गुजर रही है। इन वजहों से बिहार का मौसम भी प्रभावित हुआ।

**वैशाली रहा सबसे गर्म :** पिछले 24 घंटे की बात करें तो बिहार के कई जिलों का मौसम सामान्य बना रहा। दोपहर में 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म उत्तर पछुआ हवा चली। जिससे धूप की तपिश कम महसूस हुई। वहीं कल पटना समेत पूरे बिहार का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के नीचे दर्ज किया गया। 39.3 डिग्री सेल्सियस के साथ वैशाली जिला सबसे गर्म रहा। पटना के अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं हुआ पर न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री बढ़ गया। यहां का अधिकतम तापमान 36.3 और न्यूनतम 22 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक कमल सिंह गुप्ता ने बताया कि अगले पांच दिन तक मौसम शुष्क रहेगा। दो दिन तक अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है। इसके बाद राज्य के अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री तक बढ़ोतरी का पूर्वानुमान है।

**कहां कितना दर्ज किया गया अधिकतम तापमान :** पिछले 24 घंटे के दौरान वैशाली जिला सबसे गर्म रहा जहां का अधिकतम तापमान 39.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा नवादा 37.4 डिग्री, शेखपुरा 37.7 डिग्री, जमुई 37.3 डिग्री, पटना 36.3 डिग्री, भोजपुर 36.5 डिग्री, दरभंगा 36 डिग्री मुजफ्फरपुर 34.5 डिग्री। इसके अलावा अन्य जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के नीचे दर्ज किया गया।

# नियोजित शिक्षकों को हटाने की बात कभी नहीं की, हाईकोर्ट का फैसला सही : विजय चौधरी



**पटनाा, एजेंसी।** पटना हाईकोर्ट से नियोजित शिक्षकों को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार अब सक्षमता परीक्षा पास नहीं करने वाले या इस परीक्षा मे शामिल नहीं होने के बावजूद भी शिक्षक अपने पद पर बने रहेंगे। हाई कोर्ट ने ऐसे अभ्यर्थी शिक्षकों के पक्ष में फैसला देते हुए कहा कि उनकी नौकरी नहीं जाएगी। हाईकोर्ट का आदेश आने के बाद बिहार सरकार में मंत्री विजय चौधरी ने कहा है कि सक्षमता परीक्षा में फेल करने वाले या परीक्षा नहीं देने वाले नियोजित शिक्षकों को हटाने का फैसला सरकार ने कभी लिया ही नहीं था। नियोजित शिक्षकों ने तो हाई कोर्ट में सक्षमता परीक्षा के आयोजन पर ही आपत्ति जताते हुए चुनौती दी थी, जिसे उच्च न्यायालय ने नहीं माना। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ही अपने शपथ पत्र में कोर्ट को कहा था कि किसी नियोजित शिक्षक को सेवा मुक्त नहीं किया जाएगा। इस प्रकार उच्च न्यायालय ने सरकार के निर्णय की पुष्टि ही की है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अनावश्यक भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं कि सरकार नियोजित शिक्षकों को हटाना चाह रही थी। बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली 2023 के नियम-3(3) में ही स्पष्ट है कि जो सक्षमता परीक्षा में शामिल नहीं होंगे अथवा फेल कर जाएंगे, वैसे शिक्षक नियोजित श्रेणी में ही रह जाएंगे, वे सिर्फ सरकारी शिक्षक नहीं बन पाएंगे और उच्च न्यायालय ने इसे उचित माना है।

बिहार के नियोजित शिक्षकों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, सक्षमता परीक्षा नहीं देने या फेल होने पर भी बनी रहेगी नौकरी

कोर्ट ने मुख्यतः चार मुख्य बिंदुओं पर अपना फैसला दिया।

हाईकोर्ट ने राज्य में कार्यरत स्थानीय निकाय शिक्षकों के लिए सक्षमता परीक्षा को सही ठहराया।

हाईकोर्ट ने नई शिक्षक नियमावली के नियम 4 को निरस्त कर दिया जिसके तहत सभी शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक है।

कोर्ट ने बिहार राज्य शैक्षिक संस्थागत शिक्षक और कर्मचारी (शिकायत निवारण और अपील नियमावली 2020) के नियम 12 को भी निरस्त कर दिया, जिसके तहत गठित जिला व राज्य स्तरीय अपीलीय प्राधिकार में लंबित मामलों का इस नियमावली के लागू होने की तिथि से 6 माह के भीतर निपटारा किया जाना था। इसके अतिरिक्त इस नियमावली के लागू होने की तिथि से जिला राज्य अपीलीय प्राधिकार कोई भी नया केस स्वीकार नहीं करेगा।

कोर्ट ने शिक्षकों की पदोन्नति के लिए निर्धारित उचित शर्तों के तहत प्रत्येक संवर्ग के लिए विचार करने का आदेश दिया।

### दो बाइक की टक्कर में 4 लोग हुए घायल :तेज रफ्तार के कारण हुआ हादसा

**छपरा, एजेंसी।** छपरा शहर के फोरलेन बाइपास पर 2 बाइक में टक्कर हो गई। दुर्घटना में 4 लोग घायल हो गए। दो लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना मंगलवार के देर रात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के फोरलेन की है। घायलों की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के उमधा गांव निवासी मंटू शर्मा के बेटे विष्णु शर्मा, वकील शर्मा के बेटे अरबिंद शर्मा, फकुली गांव निवासी परमेश्वर और साढ़ा नेवाजी निवासी श्यामबिहारी सिंह के बेटे रजनीश सिंह हैं। विष्णु शर्मा और परमेश्वर की स्थिति नाजुक है। घटना के बाद राहगीरों ने डायल-112 को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस सभी घायलों को सदर अस्पताल लेकर पहुंची। जहां इजाल चल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### फरार अभियुक्त गिरफ्तार भेजे गए जेल



**छौराही बेगूसराय।** थाना क्षेत्र से मारपीट मामले में फरार चल रहे अभियुक्त की गिरफ्तारी की खबर प्रकाश में आ रहा है। जानकारी देते थाना अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया कि थाना कांड संख्या 191 ऑब्लिक 2023 का प्राथमिक कि अभियुक्त शाहपुर गांव निवासी उपेंद्र पासवान का पुत्र बबलू पासवान को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया है मामला 28 जून 2023 मामले में फरार चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायिक हिरासत भेजा गया है।

### लोकसभा चुनाव से पहले बखरी -खगड़िया बांर्डर पर बढ़ी सख्ती ली जा रही वाहनों कि तलाशी



**बखरी(बेगूसराय)।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए परिहारा पुलिस ने सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। बुधवार कि सुबह पुलिस ने संयुक्त रूप से बखरी व खगड़िया की सीमा पर स्थित सांखू चैक पोस्ट पर वाहन तलाशी अभियान चलाया।इस दौरान आमजन से भी कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहयोग की अपील की गई। मालूम हो कि कुछ दिन पूर्व बखरी एसडीएम सन्नी कुमार सौरभ व डीएसपी कुंदन कुमार की बैठक आयोजित की गई थी।जिसमें लोकसभा चुनाव को लेकर संयुक्त रूप से कार्य करने का निर्णय लिया गया था।इसके तहत बुधवार कि सुबह से परिहारा पुलिस ने सांखू चैक पोस्ट पर तलाशी अभियान चलाना शुरू कर दिया है। खगड़िया जिला की ओर से बखरी की ओर आने वाले दोपहिया व चार पहिया वाहनों की तलाशी ली गई। वाहन से संबंधित दस्तावेज व सामान के संबंध में गंभीरता से पूछताछ की जा रही थी। परिहारा थानाध्यक्ष रिशू कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनी रहे। इसके लिए गंभीरता से कार्य किया जा रहा है।पुलिस सीमा से सटे इलाकों में भी संयुक्त रूप से गश्त कर रही है। सीमा से गुजरने वाले प्रत्येक वाहन का नंबर भी रजिस्टर में दर्ज किया जा रहा है

### बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग , चार फूस का घर समेत हजारों की संपत्ति जलकर हुआ राख



**बछवाड़ा (बेगूसराय)।** थाना क्षेत्र के बछवाड़ा पंचायत के मरांची गांव वार्ड संख्या तीन में बिजली की शॉर्ट सर्किट से आग लग गई । अगलगी की घटना में चार फूस का घर समेत हजारों रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गया । ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बछवाड़ा पंचायत के मरांची गांव वार्ड संख्या तीन निवासी रंजीत पासवान की पत्नी कंचन देवी के घर में बिजली के शोर्ट सर्किट से आग लग गई ।आग की लपटे देखते ही देखते अपना विकराल रूप धारण कर लिया और पड़ोस के बोढन पासवान की पत्नी सीता देवी , परमेश्वर पासवान के पुत्र प्रवीण पासवान और शिवशंकर पासवान की पत्नी साधना देवी के घर को भी अपने आगोश में ले लिया । अगलगी की घटना में घर में रखा कपड़ा, अनाज ,बर्तन ,फर्नीचर, आभूषण समेत नगदी रुपया भी जलकर राख हो गया । घटना को लेकर पीङित कंचन देवी ने बताया कि एका एक घर में बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई । आग की उठते लपटे देखकर हम लोग सपरिवार घर से बाहर निकलते हुए शोर मचाया । शोर की आवाज सुनकर आसपास के लोग जमा हुए । ग्रामीण लोग जब तक कुछ कर पाते तब तक आग अपना विकराल रूप धारण कर लिया और चार फूस के घर को अपने आगोश में ले लिया । जिससे घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया । ग्रामीणों द्वारा अग्निशामक दस्ता को सूचना दी गई अगलगी की घटना की सूचना पाकर अग्निशामक दस्ता घटनास्थल पहुंची । अग्निशामक दस्ता व ग्रामीणों के अथक प्रयास व काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया । अगलगी की घटना की सूचना पाकर पंचायत के जनप्रतिनिधि समाजसेवी कार्यकर्ता व ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर सांत्वना दिया व ढाढस बंधाया । साथ ही स्थानीय प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित सरकारी सहायता राशि अविलंब मुहैया कराने की मांग किया है । मामले को लेकर अंचलाधिकारी बछवाड़ा प्रीतम गौतम ने बताया कि अगलगी की घटना की सूचना मिली है हल्का राजस्व कर्मचारी को भेजा गया है हल्का राजस्व कर्मचारी के जांच प्रतिवेदन के आधार पर पीड़ित परिवार को उचित सरकारी सहायता राशि मुहैया किया जाएगा ।

### वारंटी गिरफ्तार

**बखरी((बेगूसराय)।** बखरी पुलिस ने तीन वारंटी को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर विकाश कुमार राय ने बताया कि थाना क्षेत्र के सिंबारी निवासी भरोसी महतो के पुत्र रामजस महतो, झरी सदा के पुत्र सीताराम सदा एवं नागो सदा के विरुद्ध वर्ष 2007 में शंकर महतो के द्वारा नालसी वाद दायर किया गया था। वाद में उचित पैरवी नहीं करने के कारण न्यायालय से कुर्की वारंट निर्गत था, जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### लघु शंका करते वक्त उचक्के बाइक लेकर भागे

**बरौनी/ बेगूसराय।** बरौनी थाना क्षेत्र के सिगदाहा गांव के जीतन तांती का पुत्री अस्मिता कुमारी ने बाइक चोरी का मामला थाने मे दर्ज कराई है । पुलिस ने बताया कि उक्त महिला का पति बेगूसराय नयागांव स्थित टोल टैक्स से काम कर सिगदाहा गांव आने के क्रम में तिलरथ से बथौली के बीच पुलिया के निकट महिला की पति रोहित कुमार बाइक खड़ा कर पेशाब करने लगा तभी अज्ञात उचक्के ने मोटरसाइकिल नंबर बी 09 ए क्यू 9114 को लेकर भाग गया । घटना के संबंध में बरौनी थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताई की कांड संख्या 141/ 24 दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस ने विभिन्न चार थाना काण्डों से चार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**रजौली।** थाना क्षेत्र के बड़हर,छतनी,दिबौर एवं जोगियामारण गांव से विभिन्न थाना काण्डों में कुल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि विगत 7 वर्षों से फरार चल रहे बड़हर गांव निवासी प्रेमचंद उर्फ कारू राजवंशी के पुत्र मंटू राजवंशी,छतनी के पलाकी गांव निवासी स्व बालेश्वर यादव के पुत्र देवा यादव,गोपालपुर के दिबौर गांव निवासी जवाहिर चौधरी के पुत्र पप्पू चौधरी एवं जोगियामारण गांव निवासी स्व दुखी मांझी के पुत्र के बालेश्वर मांझी को पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बलों के सहयोग से गिरफ्तार किया गया है।

# रामेश्वर प्रशांत सुर्ख़ सवेरे की लालिमा का कवि' किताब का लोकार्पण हुआ

**चाणक्य भूमि। बरौनी/ गढ़हरा, बेगुसराय**





जनवादी लेखक संघ, जिला इकाई, बेगूसराय द्वारा संगठन के राज्य सचिव कुमार विनीताभ और लब्धप्रतिष्ठ साहित्यकार कौशल किशोर के सम्पादन में सद्यः प्रकाशित पुस्तक ''रामेश्वर प्रशांत : सुर्ख़ सवेरे की लालिमा का कवि'' का लोकार्पण एवं उत्तर प्रदेश के लखनऊ से आए चर्चित कवि कौशल किशोर के काव्य-पाठ का आयोजन गढ़हरा में किया गया। इसकी अध्यक्षता जलेस के जिला-अध्यक्ष और गणेश दत्त महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डा० राजेन्द्र साह ने की जबकि डा० चन्द्रशेखर चौरसिया ने संचालन किया। जलेस राज्य सचिव कुमार विनीताभ ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज देश के लोकतंत्र, संविधान और मेहनतकश अवाम के पक्षधर सभी कलम जीवियों की एकता समय की जरूरत है। डॉ० राजेन्द्र साह और प्रधानाचार्य- सह-कवि शान्तनु ने मुख्य अतिथि कवि कौशल किशोर को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कौशल किशोर और कुमार विनीताभ द्वारा सम्पादित पुस्तक '' रामेश्वर प्रशांत : सुर्ख़ सवेरे की लालिमा का कवि " का सामूहिक रूप से लोकार्पण किया गया। कौशल किशोर ने पुस्तक प्रकाशन की पृष्ठभूमि, रामेश्वर प्रशांत के जीवन व साहित्य संघर्ष, जन सरोकार और मौजूदा दौर में साहित्यकारों के समक्ष चुनौतियों की चर्चा करते हुए कहा कि लेखकों से जनसंघर्षों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण तथा लेखन के प्रति वैचारिक प्रतिबद्धता आज की जरूरत है। आज दमन और प्रलोभन के दौर में डर का माहौल तैयार किया जा रहा है। ऐसे में साहस के साथ पहल बहुत जरूरी है। उन्होंने रघुवीर सहाय की कविता को उद्धृत किया जिसमें वे कहते हैं 'टूटे, न टूटेगा/अपने अन्दर का कायर टूटेगा।'संक्षिप्त वक्तव्य के बाद कौशल किशोर ने 'कविता', ' मैं और मेरी परछाईं', 'भेड़िया निकल आया है माँद से', ' वह हामिद था', 'बाबूजी का छाता', 'छूटी हुई जगहें', वक्त कविता के हमलावर होने का है', उम्मीद चिंगारी की तरह सहित करीब एक दर्जन से अधिक कविताओं का पाठ किया। अपनी एक कविता में वे कहते हैं 'यह तो आम लोगों का दुख है/ जो कविता में दर्द बन छलकता है /यह उसके शब्दों की ताकत है /कि मर गए और मार दिए गए लोगों के बीच भी /वह जिंदा रहती है /...आज भी अगर कुछ करना है/ तो तोप का मुंह तानाशाहों की ओर करना है /वक्त कविता के हमलावर होने का है।'डॉ० राजेन्द्र साह ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कौशल किशोर की कविताओं की समीक्षा करते हुए कहा कि कविताएं सम्प्रेषणीय, सुबोध, तीक्ष्ण, सत्ता और समाज के चरित्रों को सुस्पष्ट करने वाली हैं। ये आज के वर्तमान और जन भावनाओं को अभिव्यक्त करती हैं। पठित कविताओं और सद्यः प्रकाशित पुस्तक पर जन संस्कृति मंच के राज्य सचिव दीपक सिन्हा, उपाध्यक्ष विजय सिन्हा, जलेस जिला उपाध्यक्ष प्रभा कुमारी, प्रलेस के पुष्कर प्रसाद सिंह, मैथिली कवि श्याम नंदन 'निशाकर', कवि रामानंद यादव, प्रवीण प्रियदर्शी, संजीव फिरोज, विनोद बिहारी, संस्कृतिकर्मी फुलेना राय, प्रधानाचार्य एस०एस० शर्मा, विजय कुमार, चन्द्र कुमार, वरिष्ठ सामाजिक नेता राम अनुग्रह शर्मा, रमेश प्रसाद सिंह, बीहट नगर परिषद के पूर्व उप मुख्य पार्षद धर्मेन्द्र कुमार सिंह, पूर्व सरपंच राजन कुमार चौधरी, रेल कर्मचारी नेता शिव प्रसाद यादव, सुरेन्द्र कुमार, मुक्तेश्वर वर्मा, शिवशंकर पासवान, अनिल शर्मा, प्रेम कुमार, दीपक पोद्दार समेत कई ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। अधिवक्ता रामरतन दास ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर यदुनन्दन पासवान, अशोक ठाकुर, रवीन्द्र नाथ ठाकुर 'आर्य', राज कुमार, सचिन रंजन, रणजीत कुमार, शीतांशु भास्कर, मुन्ना कुमार, हिमांशु भास्कर, मनोज दास, ऋषि पान, उदय कुमार, बादल कुमार, सुमति देवी, मंजूलता, सूक्ति देवी, शांभवी, विभव समेत अनेक साहित्यप्रेमी मौजूद थे।

# मटिहानी शक्ति वाटिका में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक





**चाणक्य भूमि। बेगुसराय**

लोकसभा चुनाव की तैयारी के क्रम में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक मटिहानी विधानसभा के शक्ति वाटिका सभागार में आयोजित की गई है । बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के संयोजक एवं जदयू के जिला अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद रुदल राय ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री सह बेगूसराय सांसद गिरिराज सिंह ने कहा कि बेगूसराय की लड़ाई विकास और विनाश के बीच में है एक तरफ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगवाई में बेगूसराय में 50000 करोड़ से अधिक की विकास योजनाएं आकार ग्रहण कर रही है। वहीं बेगूसराय में कल कारखानों को बंद करने तथा अराजकता फैलाने वाली वामपंथी ताकत पुनः बेगूसराय में अपना वजूद तलाश रही है। बेगूसराय के लोगों ने बरसों पूर्व बेगूसराय को अराजकता के अंधी दौर में धकेलना वाले वामपंथी ताकतों का सफाया कर दिया था।उन्होंने कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते हुए कहा कि बेगूसराय ने जिस प्रकार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बड़ी मजबूती के साथ रिकॉर्ड मतों से जन समर्थन दिया था फिर एक बार विकास के रास्ते पर आगे बढ़ चुके बेगूसराय को फिर जनसमर्थन देकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे।बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार के साथ विकास की गति तीव्र हुई है और बेगूसराय में भी आने वाले दिनों में विकास की गति को आगे बढ़ाने के लिए फिर से बेगूसराय सहित बिहार में सभी सीटों पर राजा गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करना हम कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है।उन्होंने कहा कि बेगूसराय में विकास विरोधी लाल झंडे को लोगों ने वर्षों पहले खत्म कर दिया था,विकास को अवरोध पैदा करने के लिए सर उठा रही है जिसे सफाया करना बेगूसराय के विकास के लिए आवश्यक है।बैठक को संबोधित करते हुए मटिहानी विधायक राजकुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी घटक दल बूथ स्तर तक समन्वय बनाकर मजबूती के साथ लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरे हैं और इस बार रिकार्ड मतों से गिरिराज सिंह की जीत होगी। विधान पार्षद सर्वेश कुमार ने कहा कि मटिहानी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दलों के समन्वय से पिछले बार की तरह इस बार भी रिकॉर्ड मतों से बढ़त मिलेगी।बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजीव वर्मा लोक जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजीव वर्मा, हम पार्टी के जिला अध्यक्ष पीयूष कुमार राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अनिल कुमार सिंह, जदयू नगर अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, लोजप्पा के प्रदेश नेत्री इंदिरा देवी, बेगूसराय के उप महापौर अनीता देवी, लोकसभा संयोजक कृष्ण मोहन पप्पू, जिला परिषद जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह रौनक कुमार मृत्युंजय कुमार वीरेश, जिला महामंत्री रामप्रवेश साहनी राकेश पांडे कुंदन भारती जिला मंत्री बब्लेश पार्थसारथी, सजन देवी,जद यूं नेता संजय कुमार शाहिद सभी पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे

### लोकसभा चुनाव को लेकर डीएम ने की रिसीविंग एवम स्ट्रॉन्ग सेल स्थल का निरीक्षण



**चाणक्य भूमि। बेगुसराय**

निर्वाचन पदाधिकारी सह बेगुसराय डीएम रोशन कुशवाहा ने दिनांक 03.04.2024 को लोक सभा आम निर्वाचन-2024 की तैयारी को लेकर रिसिभिंग सेल एवं स्ट्रांग सेल का स्थल निरीक्षण किया गया।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, एडीएम पीजीआरओ, उप विकास आयुक्त, निर्वाचन कोषांग के विभिन्न नोडल पदाधिकारी, सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी के साथ जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारीगण भी मौजूद थे।जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, बेगूसराय के द्वारा सभी ऐसम्बली सेंगमेंट के ब्रजगृह का निरीक्षण किया गया। ब्रजगृह कोषांग के पदाधिकारी को जल्द से जल्द तैयार करने हेतु निदेश दिया गया।सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी को व्रजगृह एवं संबंधित मतगणना केन्द्र का समय-समय पर निरीक्षण करने हेतु और तैयार कराने हेतु निदेश दिया गया। नगर आयुक्त, बेगूसराय को मतदान केन्द्र एवं व्रजगृह के आसपास साफ-सफाई कराने का निदेश दिया गया। सहायक अभियंता भवन निर्माण को लोक सभा निर्वाचन-2024 हेतु कमरों की मरम्मति हेतु निदेश दिया गया। ट्रैफिक डी०एस०पी० को मतगणना के दिन ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाने हेतु आवश्यक दिशा-निदेश दिया गया। साथ ही सामग्री कोषांग के पदाधिकारी को मतगणना के दिन आवश्यक सामग्रियों की सूची बनाने हेतु निदेश दिया गया।

### गंडक नदी किनारे अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी 100 लीटर जावा महुआ शराब को किया गया विनष्ट



**चाणक्य भूमि। बखरी (बेगूसराय)**

बुधवार की सुबह परिहारा थाना कि पुलिस बहुआरा गांव स्थित गंडक नदी किनारे जंगलों में शराब के अड्डे पर छापेमारी करके जावा महुआ को नष्ट किया यहां लोग नदी के किनारे में भट्ठी संचालित करके महुआ शराब बनाने का काम कर रहे थे। इस बाबत थानाध्यक्ष रिशू कुमार ने बताया इस कार्रवाई में करीब सौ लीटर जावा महुआ बरामद किया गया है। इसके लावे रसोई गैस का मिनी सिलेंडर भी बरामद किया गया है।जिसे मौके पर ही नष्ट किया गया । बताया गया कि इस छापेमारी में शराब बनाने वाला व्यक्ति भागने में सफल हो गया। इस मामले में परिहारा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि शराब बंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए हम लोग लगातार कार्रवाई कर रहे है।

# पहली बार सेमी फाइनल में बिहार टीम एवम झारखंड टीम से मुकाबला होगा

**चाणक्य भूमि। बेगूसराय नगर**





52 वीं राष्ट्रीय सीनियर नेशनल मेन्स हैंडबॉल चैंपियनशिप के तीसरे दिन मंगलवार को 16 टीमें प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी । कोषाध्यक्ष सुमित सनी ने बताया कि खिलाड़ियों का हौसला अफजाई के लिए जिले के कई जनप्रतिनिधियों के आने की सूचना है । उन्होंने बताया कि प्री क्वार्टर फाइनल से फाइनल तक सभी मैच नॉकआउट होंगे, और सिर्फ विजयी टीमें ही चैंपियनशिप में बनी रहेंगी। आज चौथे दिन हो रहे क्वार्टर फाइनल मैच में 8 टीमों ने हिस्सा लिया । इसमें दिल्ली और चंडीगढ़ के बीच मैच हुआ था इसमें दिल्ली 36 ने चंडीगढ़ 23 को 13 गोल से हराया । दूसरे मैच में मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के बीच मैच हुआ । जिसमें मध्य प्रदेश 36 हिमाचल प्रदेश 31जिसमें मध्य प्रदेश ने 5 गोल से हिमाचल प्रदेश को हराया । तीसरा मैच गुजरात और झारखंड के बीच हुआ । इसमें गुजरात 14 झारखंड 29 झारखंड ने 15 गोल से गुजरात को हराया । चौथा मैच हरियाणा का मेजबान बिहार के साथ हुआ । जिसमें मेजबान बिहार ने 14 गोल से हरियाणा को हराया । सेमीफाइनल मुकाबले में दिल्ली, मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार के बीच होगा । क्वार्टर फाइनल मुकाबले को देखने पूर्व राज्यसभा सांसद सह कार्यकारी अध्यक्ष हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया बिहार हैंडबॉल के प्रदेश अध्यक्ष पंकज कुमार प्रदेश महासचिव । आज मैच में बिहार हैंडबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज कुमार, महासचिव बीके शर्मा, संयुक्त सचिव पल्लव कुमार, मीडिया प्रभारी सुमित कुमार, मेस प्रमुख मनीष कुमार, मेस प्रभारी राजू कुमार सिंह, उदय कुमार सिंह, फंटूश कुमार, कुणाल कुमार, भुल्लू, कन्हैया, कुमार बृजेश कुमार, सत्यम कुमार समेत सैकड़ो उपस्थित थे । बिहार की टीम ने इस बार कमाल कर दिया होम ग्राउंड पर जबरदस्त प्रदर्शन, पिछले साल के फाइनलिस्ट टीम हरियाणा को क्वार्टर फाइनल में 12 गोल के विशाल अंतर से पराजित कर दिया । पहली बार सेमीफाइनल में गई बिहार की टीम सेमीफाइनल में झारखंड से होगी भिड़ंत। फाइनल मैच 4 अप्रेल को निर्धारित है।

### बेगुसराय मे भीषण अग्निकांड में किसानो से प्राप्त सुचना के अनुसार बिजली की चिंगारी से कई बीघे कटने को तैयार गेंहू की फसल जलकर राख

**चाणक्य भूमि। मनसुरचक**





मनसुरचक थाना क्षेत्र के गणपतौल पंचायत के गोसपुर गांव मे भीषण अग्निकांड में कई बीघे खेत में तैयार गेहूं की फसल जलकर राख होने का मामला प्रकाश मे आया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर 3 बजे के आसपास लगभग दो बिघा मे तैयार गेंहू की फसल मे आग लग गई । जिससे किसानो मे अफरा-तफरी का महौल उत्पन्न हो गया । किसानो का कहना है यह आग बिजली की चिंगारी से लगी है । इस घटना को देख किसान जले फसल को अपने हाथों मे लेकर माथा पिटने लगे और वहीँ खेत पर बैठकर दर्दनाक आह भरने लगे । आग की लपटें इतनी तेज थी कि किसी का बस नहीं चल सका । लेकिन वहाँ उपस्थित स्थानीय किसान और आमजनो की मदद से पंपसेट मोटर चलाकर आग को काबु मे कर लिया गया । अग्नि पीड़ित किसान रामविलास महतो, रंजीत महतो, राजेश महतो, श्र्रवण कुमार ने बताया कि हम कंगाल हो गए आगे परिवार कैसे चलेगा।

### अभिभावकों की मांग निकट के स्कूलों में हो छात्र-छात्राओं का नामांकन...

**चाणक्य भूमि। बेगूसराय**

मंझौल पंचायत तीन निवासी चंदन सिंह ने बीईओ चेरिया बरियारपुर को आवेदन देकर अपनी पुत्री आस्था कुमारी का नामांकन घर के पास आरडीपी प्लस टू गर्ल्स हाई स्कूल में करवाने की मांग की है। आवेदक के अनुसार उनकी पुत्री आस्था कुमारी परिषद मध्य विद्यालय मंझौल से अष्टम वर्ग में उत्तीर्ण हुई है। वह अपनी पुत्री का नामांकन नवम बर्ग में आरडीपी प्लस टू गर्ल्स हाई स्कूल मंझौल में कराना चाहते हैं लेकिन आरडीपी प्लस टू गर्ल्स हाई स्कूल मंझौल के प्रभारी का कहना है कि आरडीपी प्लस टू गर्ल्स हाई स्कूल मंझौल पंचायत दो में स्थित है इसलिए इस स्कूल में मंझौल पंचायत दो के बच्चों का ही नामांकन होगा। मंझौल पंचायत तीन में प्लस टू विद्यालय जयमंगला गढ़ में स्थित है जो आवेदक के घर नित्यानंद चौक से 6 किलोमीटर दूर है। जबकि आरडीपी प्लस टू गर्ल्स हाई स्कूल मंझौल छात्रा के घर से मात्र दो तीन सौ मीटर पर ही स्थित है। अभिभावकों ने बताया कि विभाग के इस अव्यावहारिक निर्णय से छात्र छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नित्यानंद चौक से विद्यालय की अधिक दूरी के कारण आवेदक ने निकट के विद्यालय में नामांकन करने की मांग की है। आरडीपी प्लस टू गर्ल्स हाई स्कूल मंझौल के प्रभारी डॉ. चंदन कुमार ने बताया कि इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी से मार्गदर्शन मांग रहे हैं।

